# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 18.04.2026

**थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी एवं इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ के दौरान अंतरजनपदीय चेन स्नैचिंग/लूट गिरोह के 02 अभियुक्त घायल व 01 गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गिरफ्तारी करने वाली टीम को नगद 25,000 रू/- के पुरस्कार की घोषणा की गई है।**

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी एवं इंटेलिजेंस विंग की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ में 02 शातिर अभियुक्तों को घायल किया गया तथा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08.04.2026 को थाना कोतवाली पर वादिनी श्रीमती बबीता देवी पत्नी स्व0 राजेश कुमार सिंह, निवासी ग्राम हरियापुर, पोस्ट बनरसी, जनपद फतेहपुर द्वारा सूचना दी गई कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उनके गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया गया, जिसमें चेन का एक भाग टूटकर अभियुक्तों के हाथ लग गया तथा शेष चेन भी छीनकर वे फरार हो गए। इस संबंध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 129/2026 धारा 309(4)/351(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात दिनांक 15.04.2026 को वादी डॉ0 शिवम शुक्ला पुत्र डॉ0 दिनेश चंद्र शुक्ला निवासी कोतवाली नगर, फतेहपुर द्वारा सूचना दी गई कि उनकी माता श्रीमती गीता शुक्ला के गले से दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल से झपट्टा मारकर सोने की चेन छीन ली गई। इस संबंध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 141/2026 धारा 304(1) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

**मुठभेड़ एवं गिरफ्तारी का विवरण:-** दिनांक 18.04.2026 को उपरोक्त अभियोगों से संबंधित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मदारीपुर नहर पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध व्यक्ति सर्विस रोड से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा उन्हें रुकने का संकेत दिया गया, किन्तु वे भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर अभियुक्तों ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें

1. ईशु रावत उर्फ अनुभव पुत्र संतोष रावत, निवासी प्रयागराज
2. अंशु कुशवाहा पुत्र सतीश चंद्र, निवासी प्रयागराज घायल हो गए तथा
3. सौरभ उर्फ करन पटेल पुत्र पवन कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

घटना स्थल का निरीक्षण फॉरेंसिक टीम द्वारा किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। तथा उपरोक्त घटना के संबंध में मु0अ0सं0 145/26 धारा धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे संगठित गिरोह के रूप में कार्य करते हैं तथा मोटरसाइकिल से चलकर एकांत स्थानों पर महिलाओं को लक्ष्य बनाकर चेन स्नैचिंग एवं लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। वारदात से पूर्व क्षेत्र की रेकी की जाती है तथा विरोध करने पर अवैध तमंचे से भयभीत कर घटना को अंजाम दिया जाता है। अभियुक्तों द्वारा जनपद फतेहपुर, प्रयागराज, कौशांबी एवं रायबरेली में भी इस प्रकार की घटनाएं करना स्वीकार किया गया है।

## घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. ईशू रावत उर्फ अनुभव पुत्र संतोष रावत उम्र 20 वर्ष निवासी गयाशुद्दीनपुर ट्रान्सपोर्ट नगर थाना धूमनगंज प्रयागराज (**घायल**)।
2. अंशू कुशवाहा पुत्र सतीशचन्द्र कुशवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी मीरापट्टी मुण्डेरा थाना धूमनगंज प्रयागराज (**घायल**)।
3. सौरभ उर्फ करन पटेल पुत्र पवन कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी हिनौता थाना महेवाघाट जनपद कौशाम्वी हालपता महेन्द्र नगर ट्रान्सपोर्ट नगर प्रयागराज।

## बरामदगी का विवरण-

1. 03 देशी तमन्चा 315 बोर
2. 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 03 खोखा कारतूस 315 बोर
4. 02 चेन पीली धातु
5. एक मोबाइल
6. एक मोटरसाइकिल

## अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-

**1. घायल अभियुक्त ईशू रावत उर्फ अनुभव का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 141/2026 धारा 304(1) BNS थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 129/2026 धारा 309(4) /351(2) BNS थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
3. मु0अ0सं0 145/26 धारा धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
4. मु0अ0सं0 84/25 धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS थाना सिविल लाइन जनपद प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0 80/25 धारा 3(5), 304(2), 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) BNS थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0 22/25 धारा 3(5), 303(2),317(2), 317(4),317(5)BNS थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज।
7. मु0अ0सं0 56/25 धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज।
8. मु0अ0सं0 512/25- धारा 304(2), 317(2),317(4), 317(5),336(3), 338, 340(2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाइन जनपद प्रयागराज।
9. मु0अ0सं0 157/25- धारा 109/317(2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना औद्योगिकक्षेत्र जनपद प्रयागराज।
10. मु0अ0सं0 165/25 धारा 304(2) BNS थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली।
11. मु0अ0सं0 128/26 धारा 304(2) BNS थाना सैनी जनपद कौशाम्बी।

**2. घायल अभियुक्त अंशू कुशवाहा का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 141/2026 धारा 304(1) BNS थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 129/2026 धारा 309(4) /351(2) BNS थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
3. मु0अ0सं0 145/26 धारा धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर फतेहपुर।
4. मु0अ0सं0 84/25 धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS थाना सिविल लाइन जनपद प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0 93/25 धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS थाना सिविल लाइन जनपद प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0 180/25 धारा 3(5), 304(2),317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) BNS थाना सिविल लाइन जनपद प्रयागराज।
7. मु0अ0सं0 83/25 धारा 309(4)/317(2) BNS कैण्ट जनपद प्रयागराज।
8. मु0अ0सं0 133/25 धारा 3(5), 304(2),317(2), 336(3), 338, 340(2) BNS थाना धूमनगंज प्रयागराज।
9. मु0अ0सं0 22/25 धारा 3(5),303(2),317(2),317(4),317(5)BNS थाना खुल्दाबाद जनपद प्रयागराज।
10. मु0अ0सं0 56/25 धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज।
11. मु0अ0सं0 80/25 धारा 3(5), 304(2), 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) BNS थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज।
12. मु0अ0सं0 128/26 धारा 304(2) BNS थाना सैनी जनपद कौशाम्बी।

**3. गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ उर्फ करन पटेल का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 141/2026, धारा 304(1) BNS, थाना कोतवाली नगर, जनपद फतेहपुर।
2. मु0अ0सं0 129/2026, धारा 309(4)/351(2) BNS, थाना कोतवाली नगर, जनपद फतेहपुर।
3. मु0अ0सं0 145/2026, धारा 109 BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना कोतवाली नगर, जनपद फतेहपुर।
4. मु0अ0सं0 84/2025, धारा 3(5)/303(2)/317(2) BNS, थाना सिविल लाइन्स, जनपद प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0 180/2025, धारा 3(5), 304(2), 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) BNS, थाना सिविल लाइन्स, जनपद प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0 83/2025, धारा 309(4)/317(2) BNS, थाना कैंट, जनपद प्रयागराज।
7. मु0अ0सं0 133/2025, धारा 3(5), 304(2), 317(2), 336(3), 338, 340(2) BNS, थाना धूमनगंज, जनपद प्रयागराज।
8. मु0अ0सं0 22/2025, धारा 3(5), 303(2), 317(2), 317(4), 317(5) BNS, थाना खुल्दाबाद, जनपद प्रयागराज।
9. मु0अ0सं0 80/2025, धारा 3(5), 304(2), 317(2), 317(4), 317(5), 318(4), 336(3), 338, 340(2) BNS, थाना पूरामुफ्ती, जनपद प्रयागराज।
10. मु0अ0सं0 128/2026, धारा 304(2) BNS, थाना सैनी, जनपद कौशाम्बी।

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

**टीम-1. थाना कोतवाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हेमन्त कुमार मिश्र थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 गिरीश धर दुबे
3. उ0नि0 श्री रीतेशकुमार राय
4. उ0नि0 श्री अनमोल सिंह
5. हे0का0 पंकज मिश्रा
6. का0 अनीश दीक्षित
7. का0 राकेश सिंह

**टीम-2. एस.ओ.जी टीम**

1. प्रभारी नि0 श्री विनोद कुमार यादव एस.ओ.जी टीम
2. उ0नि0 श्री सत्यपाल सिंह
3. हे0का0 शैलेन्द्र कुशवाहा
4. का0 बृजेश पाल
5. का0 अभिमन्यु पटेल
6. का0 अमन सिंह
7. का0 राहुल कुमार

**टीम-3. इन्टेलिजेन्स विंग टीम**

1. प्रभारी उ0नि0 श्री विनोद कुमार मिश्रा इन्टेलिजेन्स विंग टीम
2. हे0का0 मनोज कुमार मौर्या
3. का0 विवेक कुमार
4. का0 पवन चौधरी
5. का0 हरीश कुमार
6. का0 विकास
7. का0 रामसिंह